| |
|---|
| दिनांक 09.09.2023 |
| प्रेस विज्ञप्ति 10/2023 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद हरदोई/थाना मझिला

- **10–10 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉकः 09.09.2023 को थाना मझिला पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम बिजगवां के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1–जयराम 2–बबलू को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना मझिला पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वॉछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10–10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध चोरी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना मझिला पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–जयराम निवासी ग्राम बड़ा बिजगवां थाना मझिला जनपद हरदोई।

2–बबलू निवासी निक्खापुरवा थाना मझिला जनपद हरदोई।

## जनपद मुजफ्फरनगर/थाना शाहपुर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट की घटना का अनावरण**
- **लूटे गये 08 लाख रूपये**
- **लूटी गयी स्कूटी**
- **घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 09.09.2023 को थाना शाहपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 02 अभियुक्तों 1–तैय्यब 2–नाजिम को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया

गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूटे गये 08 लाख रूपये(शत प्रतिशत), लूटी गयी स्कूटी, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि दिनॉकः 07.09.2023 को थाना शाहपुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये आदि उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—तैय्यब निवासी ग्राम विज्ञाना थाना बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर।

2—नाजिम निवासी ग्राम बडका थाना बडौत जनपद बागपत।

**बरामदगी**

1—लूटे गये 08 लाख रूपये।

2—लूटी गयी स्कूटी।

3—घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल।

4—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद मथुरा/थाना गोविन्द नगर

- **पुलिस कार्यवाही में 05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **डकैती में प्रयोग किये जाने वाले उपकरण**
- **04 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनॉकः 08/09.09.2023 की रात्रि थाना गोविन्द नगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गऊघाट के समीप बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस

टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—सलमान 2—शाहरूख 3—फैज 4—रियाज घायल हो गये ,जिन्हें अभियुक्त 5—अनस सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से डकैती में प्रयोग किये जाने वाले उपकरण, 04 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त सलमान के विरूद्ध जनपद झाँसी, मथुरा के विभिन्न थानों पर चोरी, आबकारी एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 15 अभियोग, अभियुक्त शाहरूख के विरूद्ध जनपद झाँसी, मथुरा के विभिन्न थानों पर लूट, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गुण्डा एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 09 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना गोविन्द नगर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—सलमान निवासी गोविन्द चौराहा, सेयरगेट थाना कोतवाली जनपद झाँसी।
2—शाहरूख निवासी गोविन्द चौराहा, सेयरगेट थाना कोतवाली जनपद झाँसी।
3—फैज निवासी अलीगोल खिड़की, इमामबाड़ा थाना कोतवाली जनपद झाँसी।
4—रियाज निवासी पंचकुंइया मंदिर के पास थाना कोतवाली जनपद झाँसी।
5—अनस निवासी दरिया बाजार थाना कोतवाली जनपद झाँसी।

**बरामदगी**

1—डकैती में प्रयोग किये जाने वाले उपकरण।
2—04 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## जनपद बुलन्दशहर/थाना कोतवाली नगर

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 39 किलो 416 ग्राम चाँदी के आभूषण**
- **01 कार बरामद**

दिनाँकः 09.09.2023 को थाना कोतवाली नगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर वलीपुर नहर पुल के पास से 03 अभियुक्तों 1—मुकेश

2–अजय 3–दुर्गेश उर्फ माता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 39 किलो 416 ग्राम चॉदी के आभूषण, 01 कार बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि दिनॉकः 07.09.2023 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण उक्त चोरी की घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मुकेश निवासी रामनगर थाना एत्मादौला, आगरा।

2–अजय निवासी रामनगर थाना एत्मादौला, आगरा।

3–दुर्गेश उर्फ माता निवासी टेढ़ी बगिया थाना ट्रांस यमुना, आगरा।

**बरामदगी**

1–चोरी की 39 किलो 416 ग्राम चॉदी के आभूषण।

2–01 कार।

## कमिश्नरेट आगरा/थाना चित्राहट

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 09 हजार 700 रूपये नगद**
- **घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 09.09.2023 को थाना चित्राहट पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से 02 अभियुक्तों 1–दीपक 2–अर्जुन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 09 हजार 700 रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद हुयी।

उल्लेखनीय है कि दिनॉकः 08.09.2023 को थाना चित्राहट क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना चित्राहट पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे । गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये उक्त घटना से सम्बन्धित हैं। गिरफ्तार अभियुक्त अर्जुन के विरूद्ध कमिश्नरेट आगरा के विभिन्न थानों पर चोरी, आबकारी एक्ट, एनडीपीएस एक्ट आदि के लगभग एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना चित्राहट पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–दीपक निवासी ग्राम बिशुनपुरा थाना बाह, आगरा।

2–अर्जुन निवासी ग्राम बिशुनपुरा थाना बाह, आगरा।

**बरामदगी**

1–चोरी के 09 हजार 700 रूपये नगद।

2–घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल।

## कमिश्नरेट गाजियाबाद/क्राइम ब्रान्च

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 40 लाख रूपये कीमत के 01 किलो 500 ग्राम अवैध अफीम**
- **घटना में प्रयुक्त कार बरामद**

दिनॉकः 08.09.2023 को कमिश्नरेट गाजियाबाद क्राइम ब्रान्च की पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना कविनगर के शास्त्री नगर चौराहा से अभियुक्त मो0 उमर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 40 लाख रूपये कीमत के 01 किलो 500 ग्राम अवैध अफीम, घटना में प्रयुक्त कार बरामद हुयी।

इस सम्बन्ध में थाना कविनगर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मो0 उमर निवासी एजाज नगर थाना बारादरी जनपद बरेली।

**बरामदगी**

1—लगभग 40 लाख रूपये कीमत के 01 किलो 500 ग्राम अवैध अफीम।

2—घटना में प्रयुक्त कार।

## जनपद गाजीपुर/थाना कासिमाबाद

- **लगभग 10 लाख रूपये कीमत के 105 ग्राम हेरोइन बरामद**

दिनॉकः 08.09.2023 को थाना कासिमाबाद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर धरवार कला एक्सलेन पुल के पास से अभियुक्त अंकित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 10 लाख रूपये कीमत के 105 ग्राम हेरोइन बरामद हुयी।

इस सम्बन्ध में थाना कासिमाबाद पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अंकित निवासी केराकत, सरौनी पूरब पट्टी थाना केराकत जनपद जौनपुर।

**बरामदगी**

1—लगभग 10 लाख रूपये कीमत के 105 ग्राम हेरोइन।

## एसटीएफः थाना शिकापुर पुणे, महाराष्ट्र में पंजीकृत मु0अ0सं0 516/2023 धारा—381 भादवि का वांछित/फरार अभियुक्त भानू प्रताप सिंह कमिश्नरेट लखनऊ से गिरफ्तार।

दिनांक 08—09—2023 को एस0टी0एफ0, उ0प्र0 को थाना शिक्रापुर पुणे (महाराष्ट्र) पर पंजीकृत मु0अ0सं0 516/2023 धारा—381 भादवि का वांछित/फरार अभियुक्त को कमिष्नरेट लखनऊ से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः—**

1— भानू प्रताप सिंह पुत्र रविन्द्र प्रताप सिंह, निवासी जुराखन खेड़ा, कोतवाली उन्नाव।

**बरामदगी—**

**1**— 01 अदद मोबाइल फोन।

**गिरफ्तारी का स्थान/समयः—**

लेखराज मार्केट ब्लू फॉक्स बार के सामने थाना गाजीपुर लखनऊ। दिनांक 08—09—2023, समय— 18.00 बजे।

पुणे महाराष्ट्र के वीनस वाइन शाप में हुई माह जून 2023 में रूपये 02 लाख 20 हजार की चोरी के सम्बन्ध में थाना शिक्रापुर पुणे (महाराष्ट्र) पर मु0अ0सं0 516/23 धारा 381 आई0पी0सी0 पंजीकृत हुआ था। उक्त मुकदमें में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त भानू प्रताप सिंह उपरोक्त के जनपद लखनऊ में छिपे होने की सूचना प्राप्त होने पर शिक्रापुर पुणे महाराष्ट्र पुलिस द्वारा अभिसूचना को साझा करते हुए एस0टी0एफ0 उ0प्र0 से आवष्यक सहयोग मांगा गया । इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 मुख्यालय स्थित पुलिस उपाधीक्षक श्री लाल प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण एवं निरीक्षक अंजनी तिवारी के नेतृत्व में एक टीम व शिक्रापुर पुणे महाराष्ट्र पुलिस की टीम के द्वारा स्थानीय स्तर पर अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की गयी, इसी दौरान दिनांक 08—09—2023 को विश्वस्त सूत्र के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि फरार चल रहा अभियुक्त भानू प्रताप सिंह उपरोक्त थाना गाजीपुर जनपद लखनऊ क्षेत्र में लुकछिप कर ब्लू फॉक्स बार लेखराज मार्केट में काम कर रहा है। यदि शीघ्रता किया जाये तो पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर निरीक्षक अंजनी तिवारी के नेतृत्व में महाराष्ट्र पुलिस को साथ लेकर भानू प्रताप सिंह उपरोक्त को लेखराज मार्केट ब्लू फॉक्स बार के सामने थाना गाजीपुर लखनऊ क्षेत्रान्तर्गत गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह उन्नाव का रहने वाला है। उन्नाव निवासी राम वर्मा के साथ वर्ष 2021 में पुणे महाराष्ट्र गया था। उन्होंने मेरी नौकरी पुणे निवासी रमेश सिंह जो कांट्रेक्ट पर लडको को नौकरी दिलवाते है, के माध्यम से वीनस वाइन शॉप शिक्रापुर पुणे महाराष्ट्र में लगवायी थी। जहां पर वह मैनेजर का काम कर

रहा था। माह जून में सीसीटीवी खराब चल रहा था उसी दौरान दुकान में कैष की चोरी की गयी। जिसके बाद मैं लखनऊ भाग आया तथा लुक छिप कर रह रहा था तथा करीब 01 माह से लेखराज मार्केट स्थित ब्लू फॉक्स बार में काम कर रहा था। इस घटना के करीब 15 दिन पूर्व बार पर एक ग्राहक से मेरी मार–पीट हो गयी थी जिसमें मैं जेल चला गया था तथा दुकान मालिक ने ही मेरी जमानत करायी थी। थाना षिक्रापुर पुणे महाराष्ट्र के विवेचक द्वारा बताया गया कि जांच के दौरान करीब 05 लाख रूपये और चोरी होने की जानकारी प्रकाष में आयी है जिसके सम्बन्ध में भी उक्त अभियुक्त से पूछताछ किया जाना है।

गिरफ्तार अभियुक्त को दिनांक–08.09.2023 को समय–21.24 बजे थाना गाजीपुर जनपद लखनऊ कमिश्नरेट में दाखिल किया गया व थाना शिक्रापुर पुणे (महाराष्ट्र) पुलिस टीम द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

———————